संख्या–1639 / III(2)/20–38(एम0एल0ए0)/2017

प्रेषक,

रमेश कुमार सुधांशु,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा मे,

प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग,
देहरादून।

लोक निर्माण अनुभाग–2

देहरादून : दिनांक 07 सितम्बर, 2020

विषय:– **वित्तीय वर्ष 2020–21 में जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र श्रीनगर के अन्तर्गत विभिन्न 09 कार्यों हेतु प्रथम चरण की प्रशासकीय एवं वित्तीय तथा व्यय की स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी द्वारा संलग्न विवरणानुसार उपलब्ध कराये गये प्रथम चरण के आगणनों, जिसकी कुल लम्बाई 22.65 किमी0 जिसकी लागत **₹ 246.12** लाख है, पर **विभागीय टी0ए0सी0 द्वारा परीक्षणोपरान्त संस्तुत औचित्यपूर्ण धनराशि ₹ 246.12 लाख (₹ दो करोड़ छियालीस लाख बारह हजार मात्र)** की प्रशासकीय तथा वित्तीय एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान करते हुए, चालू वित्तीय वर्ष 2020–21 में व्यय हेतु रू. 0.10 लाख (रू. दस हजार मात्र) अर्थात 09 कार्यों हेतु ₹ 0.90 लाख (₹ नब्बे हजार मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन में रखे जाने की माननीय श्री राज्यपाल निम्नांकित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

(i)– उक्त स्वीकृति के आधार पर विभाग द्वारा समस्त प्रक्रियात्मक कार्यो को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जायेगा तदोपरान्त शासनादेश सं0:–1764/III(2)/10–17(सामान्य)/2008 दिनांक 17 जून, 2010 की व्यवस्थानुसार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर शासन को वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जायेगी। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर शासन से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त शासनादेश संख्या- 383/III(1)/19-190(PWD)01टी.सी.–11 दिनांक 05.2.2020 का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

(ii)– आगणन मे उल्लिखित दरों का विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों को जो दरें शैडयूल आफ रेट में स्वीकृत नही हैं, अथवा बाजार भाव से ली गई हो, की स्वीकृति पर नियमानुसार अधीक्षण अभियन्ता का अनुमोदन आवश्यक होगा।

(iii)– कार्य पर उतना ही व्यय किया जाय जितना की स्वीकृत नार्म है, स्वीकृत नार्म से अधिक व्यय कदापि न किया जाय। यदि प्रथम चरण हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि मे बचत हो रही है तो उसका समायोजन विस्तृत आगणन तैयार करते समय किया जायेगा।

(iv)– कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं तकनीकी दृष्टि के मध्य नजर रखते हुए एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टयों के अनुरूप ही कार्यों को सम्पादित कराते समय पालन करना सुनिश्चित करें।

(v)– आगणन में जिन मदों हेतु जो राशि स्वीकृत की गई है व्यय उसी मद में किया जाय, एक मद का दूसरी मद में व्यय कदापि न किया जाय।

(vi)– स्वीकृत किया जाने वाला कार्य उत्तराखण्ड प्रोक्यौरमेन्ट रूल्स–2017 एवं उक्त के विषय में समय–समय पर निर्गत समस्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बजट मैनुअल के निर्देशों का भी अनुपालन किया जायेगा।

(vii)– मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश सं0:–2047/XIV–219(2006) दिनांक 30–05–2006 द्वारा निर्गत आदेशों का कार्य कराते समय या आगणन गठित करते समय कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(viii) उक्तानुसार स्वीकृत आगणन में एन0पी0वी0, भूमि अधिग्रहण, यूटिलिटी शिफ्टिंग आदि मदों के सम्बन्ध में यथावश्यक व्यय अनुदान सं0–22 लेखाशीर्षक–5054 सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय–04 जिला तथा अन्य सड़कें–337–सड़क निर्माण कार्य–04–सड़क/भवन/पुल आदि हेतु भूमि अधिग्रहण–00

–54 भूमि क्रय में विभागीय आय–व्ययक में प्राविधानित तथा निवर्तन पर रखी गयी धनराशि से किया जायेगा।

(ix)– स्वीकृत किये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता एवं समयबद्धता का सम्पूर्ण दायित्व संबंधित अधिशासी अभियन्ता का होगा।

(x)– वर्तमान में व्यय हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय 31–03–2021 तक सुनिश्चित किया जायेगा। यदि स्वीकृत कार्य के सापेक्ष चालू वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता होती है तो उसका व्यय संगत मद में निवर्तन में रखी गई धनराशि से नियमानुसार किया जायेगा।

(xi) यदि स्वीकृत किये जा रहे कार्यो में से कोई कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत स्वीकृत है अथवा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत की जा सकती है, तो ऐसे कार्य की स्वीकृति स्वतः निरस्त समझी जायेगी।

(xii) विषयगत कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2020–21 में व्यय हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि ₹ 0.90 लाख का बजट आबंटन, वित्त अनुभाग–1 के शासनादेश सं0–183/XXVII(1)/2012 दिनांक 28 मार्च, 2012 के अनुक्रम में, लोक निर्माण विभाग के अनुदान सं0–22, के अन्तर्गत अलॉटमेन्ट आई0डी0 संख्याः–S200900220006 दिनांक 01 सितम्बर, 2020 के द्वारा आपको आबंटित कोड सं0–4227 Chief Engineer PWD में कर दिया गया है।

(2) इस संबंध मे होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020–21 के आय–व्ययक के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के अनुदान सं0–22–लेखाशीर्षक–5054 सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय–04 जिला तथा अन्य सड़कें–337 सड़क निर्माण कार्य–02 राज्य सेक्टर–0302 नया निर्माण कार्य–53 वृहद निर्माण कार्य (5054–04–800–03–02 से स्थानान्तरित) के नामे डाला जायेगा।

(3) **यह आदेश वित्त अनुभाग–2 के अशासकीय संख्या– 348 /XXVII(2)/2020 दिनांक 01 सितम्बर, 2020 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।**

भवदीय,

(रमेश कुमार सुधांशु)
सचिव

संख्या– /।।।(2)/20–38(एम0एल0ए0)/2017 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार (लेखा प्रथम), उत्तराखण्ड कौलागढ़, देहरादून।
2. सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, उत्तराखण्ड शासन।
3. आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी ।
4. जिलाधिकारी, पौड़ी गढ़वाल।
5. मुख्य अभियन्ता, लो0नि0वि0, पौड़ी।
6. मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, जनपद पौड़ी गढ़वाल।
7. निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, उत्तराखण्ड, देहरादून।
8. वित्त अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन।
9. अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी ।
10. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पाबौ।
11. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(श्याम सिंह)
संयुक्त सचिव

संख्या–1639 / III(2)/20–38(एम0एल0ए0)/2017 दिनांक 07 सितम्बर, 2020 का संलग्नक।

(धनराशि लाख ₹ में)

| क. सं | कार्य का नाम | लम्बाई (किमी0/मी0 में) | शासन द्वारा अनुमोदित लागत | चालू वित्तीय वर्ष में अवमुक्त की जा रही धनराशि। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–श्रीनगर के विकास खण्ड थलीसैण में पैठाणी–बडेथ मोटर मार्ग से च्योली–चुणखेत तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 2.500 | 17.30 | .10 |
| 2 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–श्रीनगर के विकास खण्ड थलीसैंण में पैठाणी–कोठी मोटर मार्ग के खण्ड गांव से नौगांव–पंज्याणा मोटर मार्ग के कि0मी0 1.00 एवं कि0मी0 2.00 में 12 मीटर आर0सी0सी0 के 02 नं0 मोटर सेतुओं का निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 0.150+ 02 No Span | 5.76 | .10 |
| 3 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–श्रीनगर के विकास खण्ड पाबौ में कुई–डुमलोट मोटर मार्ग का डुमलोट गांव तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 2.00 | 14.35 | .10 |
| 4 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–श्रीनगर के विकास खण्ड थलीसैंण के अन्तर्गत पैठाणी से बहेड़ी तक मोटर मार्ग के नव निर्माण का कार्य। (प्रथम चरण) | 2.00 | 41.21 | .10 |
| 5 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–श्रीनगर के विकास खण्ड थलीसैण के अन्तर्गत एन0एच0–121 से सिमड़ी तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 2.50 | 63.94. | .10 |
| 6 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–श्रीनगर के विकास खण्ड पाबौ के अन्तर्गत पटोटी से बाडियूं तक सड़क निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 2.00 | 15.39 | .10 |
| 7. | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–श्रीनगर के विकास खण्ड पाबौ के अन्तर्गत थानधार से उल्ली तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 3.00 | 23.09 | .10 |
| 8. | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–श्रीनगर के विकास खण्ड थलीसैंण में गामडू से मथीगांव तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 5.00 | 38.14 | .10 |
| 9. | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–श्रीनगर के विकास खण्ड पाबौ में ताल बैण्ड से मथीगांव–नेग्यू पाखा सुन्दरयूं तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 3.50 | 26.94 | .10 |
| | कुल | 22.65 | 246.12 | 0.90 |

(कुल ₹ नब्बे हजार मात्र)

(श्याम सिंह)

संयुक्त सचिव

IFMS Uttarakhand

# बजट आवंटन वित्तीय वर्ष (2020 - 2021 )
## Secretary-Secretary, PWD(S038)
HOD-Chief Engineer PWD(4227)

आवंटन पत्र संख्या -1639/III(2)/20-38(MLA)/2017
अनुदान संख्या-022

आवंटन आई डी-S20090220006
आवंटन पत्र दिनांक-01-SEP-2020

| | | |
|---|---|---|
| लेखा शीर्षक | 5054-सड़क तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय | 04-District and other Roads |
| | 337-सडक निर्माण कार्य | 03-राज्य सेक्टर |
| | 02-नया निर्माण कार्य (5054-04-800-03-02से स्थानान्तरित ) | Voted |

| 5 | 0 | 5 | 4 | 0 | 4 | 3 | 3 | 7 | 0 | 3 | 0 | 2 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| मानक मद का नाम | पूर्व में जारी | वर्तमान में जारी | अब तक का व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 53-वृहद निर्माण | 1080000 | 90000 | 0 | 1170000 |
| योग | 1080000 | 90000 | 0 | 1170000 |

**Total Current Allotment To HOD In Above Schemes-Rs.90,000 (Rupees Ninety Thousand Only)**

Approval Status : APPROVED BY OFFICER

**Phone/ Fax:- 0135-2531154/2530431**

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग
"नियोजन–।" उत्तराखण्ड़ देहरादून
**Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand**
**Web-http://govt.ua.nic.in/pwd** **E-mail: eicpwdak@nic.in**

पत्रांक– 747 /20 याता0'क' / 2020 दिनांक–10 .09.2020

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता, क्षेत्रीय कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी।
3. अधिशासी अभिन्यता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पाबौ।
4. अधिशासी अभियन्ता, आई0टी0सैल विभागाध्यक्ष, कार्यालय लोक निर्माण विभाग, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त शासनादेश की प्रति विभागीय "वैबसाईट" पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. कनिष्ठ अभियन्ता प्राविधिक / बजट वर्ग, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।

10/9/2020
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
लो.नि.वि., देहरादून